# सरदार पटेल देश की एकता के शिल्पकार : सीएम

**भोपाल, 31 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने शुक्रवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का श्रवण कर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया.**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत माता की सेवा के भाव से आधुनिक भारत की इबारत लिखी. उन्होंने रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर एकता और राष्ट्रनिर्माण की नींव रखी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अतीत की गलतियों को सुधारने का कार्य कर रहे हैं. चाहे राम मंदिर निर्माण, कश्मीर से धारा 370 हटाना हो या तीन तलाक जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करना. डॉ. यादव ने कहा कि सरदार पटेल केवल नीति निर्माता नहीं, बल्कि भारत की एकता के शिल्पकार थे. उन्होंने चुनौतियों के बीच भी दृढ़ संकल्प और स्पष्ट दृष्टि से भारत को संगठित किया.

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण है कि महापुरुष किसी दल या विचारधारा की सीमाओं में नहीं बंधते. भाजपा सदैव उन सभी का सम्मान करती है जिन्होंने राष्ट्र के लिए कार्य किया. प्रधानमंत्री संग्रहालय इसी भावना का प्रतीक है, जहाँ सभी प्रधानमंत्रियों के योगदान को ससम्मान प्रदर्शित किया गया है. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन कर्तव्य, सेवा और राष्ट्रभक्ति का उदाहरण है.

### एकता राष्ट्रहित में सर्वोपरि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विचारों को धरातल पर उतारा जा रहा है. उन्होंने कहा कि यदि हम एकता, परिश्रम और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर आगे बढ़ें, तो 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य अवश्य प्राप्त होगा. कार्यक्रम में मंत्री कृष्णा गौर, धर्मेन्द्र लोधी, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, महामंत्री राहुल कोठारी, मंत्री राजेन्द्र सिंह राजपूत, विधायक भगवानदास सबनानी, रामेश्वर शर्मा, डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष वैभव पंवार, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष एम ऐजाज खान, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# सांसद ने क्रेन ऑपरेटर को जड़ा थप्पड़

## सरदार पटेल जयंती समारोह के दौरान हुआ विवाद, वीडियो वायरल

**सतना, 31 अक्टूबर। सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के अवसर पर शुक्रवार को शहर के सेमरिया चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर आयोजित माल्यार्पण कार्यक्रम के दौरान उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब सांसद गणेश सिंह ने नगर निगम की क्रेन के संचालक को थप्पड़ मार दिया.**

देखते ही देखते घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और मामला राजनीतिक चर्चाओं में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नगर निगम द्वारा लगाई गई हाइड्रोलिक क्रेन के सहारे सांसद गणेश सिंह



प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रहे थे। इस दौरान क्रेन में अचानक झटका लगने से उनका संतुलन बिगड़ गया।

> वहीं सूत्रों के अनुसार, झटके के दौरान सांसद गणेश सिंह को हल्की चोट भी आई थी। उन्होंने तत्पश्चात चिकित्सा शिविर में उपचार करवाया। घटना के बाद समर्थकों ने कहा कि सांसद केवल क्षणिक रूप से नाराज़ हुए थे, उनका किसी को चोट पहुँचाने का इरादा नहीं था। दूसरी ओर, विरोधियों ने इसे सांसद की गरिमा के विपरीत बताया। फिलहाल प्रशासन और पुलिस ने इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।



# 24 घंटे में ढाई करोड़ श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे, ऐसे बनाए जा रहे घाट

- शिप्रा नदी तट हो रहा कायाकल्प
- मुख्यमंत्री डॉ यादव ने किया था भूमि पूजन
- पुराने घाटों का जीर्णोद्धार भी किया जा रहा

नवभारत न्यूज

**उज्जैन. सिंहस्थ महापर्व 2028 में उज्जैन आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए एक भव्य, दिव्य और अविस्मरणीय अनुभव सुनिश्चित करने के मद्देनजर सरकार निरंतर प्रयासरत हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव की परिकल्पना के अनुसार, 24 घंटे में ढाई करोड़ श्रद्धालुओं एक साथ स्नान कर ले इस तरह घाट बनाए जा रहे हैं.**

सिंहस्थ 2028 के लिए 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्य किए जा रहे हैं, जो उज्जैन के आधारभूत ढांचे को नई गति देंगे. शिप्रा तट पर जल संसाधन विभाग द्वारा घाट निर्माण का कार्य तेज कर दिया गया है.

**निखरेगा शिप्रा का स्वरूप**- सिंहस्थ 2028 का मुख्य आकर्षण मोक्षदायिनी माँ क्षिप्रा नदी होगी, जो नवीन घाटों के निर्माण के पश्चात श्रद्धालुओं को नये, अनुपम और भव्य रूप में दर्शन देंगी.

**29 किमी नवीन घाटों का निर्माण**- श्रद्धालुओं के सुविधाजनक स्नान को ध्यान में रखते हुए, क्षिप्रा नदी के दोनों किनारों पर 29.1 किलोमीटर लंबे नवीन घाटों का निर्माण कार्य तेज गति से जारी है. यह कार्य शनि मंदिर से लेकर भैरवगढ़ के पास नागदा बाईपास तक किया जाएगा. **उंडासा में घाट तैयार**- नवीन घाट निर्माण का प्रथम चरण उंडासा में पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने की दिशा में तेजी से प्रगतिरत है, सिंहस्थ 2028 के लिए केवल घाटों का ही नहीं, बल्कि संपूर्ण शहर की अधोसंरचना का विकास किया जा रहा है.

### प्रमुख विकास कार्य युद्ध स्तर पर जारी

उज्जैन-इंदौर सिक्सलेन, उज्जैन-इंदौर ग्रीन फील्ड मार्ग, तथा शहर के आंतरिक मार्गों का चौड़ीकरण, कान्ह-क्लोज डक्ट परियोजना, सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना, क्षिप्रा नदी पर 13 से अधिक नवीन पुलों का निर्माण कार्य. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में हो रहे ये विकास कार्य सुनिश्चित करेंगे कि सिंहस्थ 2028 में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु का अनुभव भव्य, दिव्य और अलौकिक हो.

## मिट्टी के अवैध उत्खनन पर वन विभाग की कार्रवाई

**भिंड.** जिले के अटेर वन परिक्षेत्र में वन अमले ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बायपास सड़क निर्माण के लिए की जा रही अवैध मिट्टी खुदाई में उपयोग हो रहे एक डंपर और जेसीबी मशीन को जब्त किया है. वहीं टीम ने शीशम की लकड़ी से भरा एक ट्रैक्टर भी पकड़ा है. कल रात्रि फॉरेस्ट विभाग को सूचना मिली कि अटेर वन परिक्षेत्र की खिलची बीट में पिछले कई दिनों से मिट्टी का अवैध उत्खनन चल रहा है. बताया गया कि यह मिट्टी एक निर्माण एजेंसी द्वारा बायपास सड़क निर्माण के लिए बिना अनुमति खुदाई की जा रही थी. सूचना मिलते ही फॉरेस्ट टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए जेसीबी व डंपर को जब्त कर लिया.

# बेलगाम कॉलेज बस की टक्कर से युवक की मौत, दोस्त घायल

- राजकुमार ब्रिज के पास हुआ दर्दनाक हादसा
- गुस्साए लोगों ने ड्राइवर को पकड़कर पीटा

नव भारत न्यूज

**इंदौर. एमजी रोड क्षेत्र में देर शाम एक भीषण सडक़ हादसे में कॉलेज बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया. हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने बस चालक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी. बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया.**

एमजी रोड थाना प्रभारी विजय सिंह सिसौदिया ने बताया कि हादसा राजकुमार ब्रिज के पास हुआ. मृतक की पहचान देवीलाल निवासी विदिशा के रूप में हुई है, जबकि घायल प्रेम कुमार पिता रामकिशन मंडलोई निवासी मूसाखेड़ी है. दोनों दोस्त एक ही कंपनी में कार्यरत हैं. प्रेम कुमार ट्रक ड्राइवर है और देवीलाल सुपरवाइजर के पद पर था. शाम को दोनों बाइक से घर लौट रहे थे. इसी दौरान मेडिकैप्स स्कूल की तेज रफ्तार बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि देवीलाल सडक़ पर गिर गया और बस का पहिया उसके सिर पर चढ़ गया. उसकी मौके पर ही मौत हो गई. प्रेम कुमार को गंभीर चोटें आईं और उसका पैर फ्रैक्चर हो गया. उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा है. सूचना मिलते ही एमजी रोड पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया. वहीं, बस को जब्त कर ड्राइवर से पूछताछ की जा रही है.




# जीतू पटवारी ने इंदिरा गांधी और सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 31 अक्टूबर. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी.**



इस अवसर पर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले, संगठन उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे, सभी प्रकोष्ठों के प्रभारी महेंद्र सिंह चौहान, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल, भोपाल शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, प्रदेश प्रवक्ता भूपेंद्र गुप्ता, रवि सक्सेना, फिरोज सिद्दीकी, विक्रम चौधरी, रोशनी यादव, अभिनव बरोलिया तथा वरिष्ठ नेता आनंद तारण सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे. अपने संबोधन में पटवारी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल आधुनिक, स्वतंत्र और अखंड भारत के निर्माता थे. लौह पुरुष के रूप में विश्वविख्यात सरदार पटेल की दृढ़ इच्छाशक्ति और निर्णय क्षमता ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की दूरदृष्टि के साथ मिलकर देश को एकजुट करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई. उन्होंने कहा कि आज का दिन उनके योगदान को स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर है.

> इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पटवारी ने कहा कि वे वैश्विक स्तर पर 'आयरन लेडी ऑफ इंडिया' के नाम से प्रसिद्ध थीं. उनका नेतृत्व, साहस और देशभक्ति आज भी सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं. उन्होंने उनके अंतिम भाषण का उल्लेख करते हुए कहा मेरे शरीर का एक-एक कतरा इस देश की मिट्टी के काम आए, यह मेरे लिए सबसे बड़ा सौभाग्य होगा. उनकी शहादत देश के प्रति समर्पण का प्रतीक है. अंत में पटवारी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल और इंदिरा गांधी के आदर्शों को आत्मसात कर हर भारतवासी की भावना के अनुरूप कार्य करें.

# नर्मदा परिक्रमा वासियों की बस पलटी, एक श्रद्धालु की मौत, कई घायल

- खेतिया पाटी मार्ग पर अंधे मोड़ पर हादसा
- प्रशासन व ग्रामीणों ने चलाया राहत अभियान

नवभारत न्यूज

**बड़वानी. नर्मदा परिक्रमा पर निकले श्रद्धालुओं से भरी बस मंगलवार सुबह खेतिया पाटी मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई. हादसे में एक महिला की मौत हो गई और कई यात्री घायल हो गए.**



हादसा सुबह लगभग 9 बजे हुआ. बस एमपी 13 - झेडपी- 7986 बायगौर गांव के आगे घाट क्षेत्र में उतराई और अंधे मोड़ के कारण असंतुलित होकर सड़क किनारे क्लीनर साइड पलट गई. बस में 50 से अधिक परिक्रमावासी सवार थे.

बस पलटते ही यात्रियों में चीखपुकार मच गई. आसपास के ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया. दुर्घटना में सुगनबाई पति बद्रीसिंह, उम्र 63 वर्ष निवासी जामदा (जिला धार) की मौत हो गई. छह घायलों को मामूली चोटें होने पर प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि 56 को बड़वानी जिला अस्पताल रेफर किया गया. इनमें से दो यात्रियों की हालत गंभीर बताई गई है, जिन्हें इंदौर रेफर किया गया है. गनीमत रही कि बस गहरी खाई में गिरने से बच गई, अन्यथा बड़ी जनहानि हो सकती थी. सूचना मिलते ही खेतिया, पानसेमल, पाटी सहित बड़वानी पुलिस राहत दल भी घटनास्थल पहुंचा. जिला कलेक्टर जयती सिंह, पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर, एडिशनल एसपी धीरज बब्बर, विधायक श्याम बर्डे सहित प्रशासनिक अधिकारी भी स्थल पर पहुंचकर रेस्क्यू की निगरानी करते रहे.

**मार्ग की खामियां, हादसे का कारण**-खेतिया पाटी मार्ग नया बना है, लेकिन इसमें अंधे मोड़ होने से वाहन अक्सर असंतुलित हो जाते हैं. हादसे वाला मोड़ भी इसी वजह से संवेदनशील बताया जा रहा है. परिक्रमा वासी इंदौर जिले के बेटमा व आसपास के गांवों से 29 अक्टूबर को यात्रा पर निकले थे. सोमवार रात वे बड़वानी में रुके थे और सुबह खेतिया की ओर रवाना हुए थे. चित्र- बड़वानी.

### घायलों को तुरंत उपचार

ग्रामीणों और पुलिस ने मिलकर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला. क्रेन और कटर मशीन की सहायता से दो गंभीर रूप से फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया. सभी घायलों को स्वास्थ्य केंद्र खेतिया भेजा गया, जहां कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल रहा, किन्तु तुरंत व्यवस्था संभाल ली गई. शहर के युवाओं व निजी चिकित्सकों ने भी सेवा भावना से सहयोग किया. ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर साथियों सहित मौके पर पहुंचे और उपचार शुरू कराया. दुर्घटना में घायल यात्रियों में घिसीबाई यादव, चंदरसिंह यादव, भोलाराम पटेल, रामकुवरबाई, पुप्पाबाई, धनुबाई, सोहनबाई, सागरबाई, अमृतबाई, शकुंतला, प्रियल, संतोषबाई, शंभुसिंह, भेरूलाल, भुमिका, कृष्णाबाई, राजुबाई सहित कई श्रद्धालु शामिल हैं.

# आज उज्जैन के लिये एक साथ उड़ेंगे 3 हेलीकॉप्टर

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 31 अक्टूबर. मप्र के स्थापना दिवस पर शनिवार को पीएमश्री हेलीकॉप्टर सेवा के तहत राजधानी से तीन हेलीकॉप्टर पर्यटकों को लेकर उज्जैन के लिये उड़ान भरेगा.**

इस सेवा का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे, वहीं दूसरी तरफ हेलीकॉप्टर के साथ ही राज्य सरकार डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में भी नई उड़ान भरने जा रही है. नागरिकों और निवेशकों को सशक्त बनाने के लिए तीन नई डिजिटल पहल शुरू होंगी. इनमें एमपी ई-सेवा पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को एक ही मंच पर सभी सरकारी सेवाएं सरल और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध होंगी. इनवेस्ट एमपी- 3.0 पोर्टल निवेशकों के लिए एक उन्नत सिंगल विंडो सिस्टम के रूप में कार्य करेगा, जिससे निवेश की प्रक्रिया और अधिक सहज व समयबद्ध बनेगी. वहीं वॉश ऑन व्हील्स मोबाइल ऐप युवाओं को स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ते हुए शहरी स्वच्छता सेवाओं में नई तकनीकी ऊर्जा जोड़ेगा.

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश निवेश उपलब्धियों, औद्योगिक प्रगति और रोजगार सृजन के विजन पर अपने विचार साझा करेंगे. इस अवसर पर द टू-ईयर जर्नी शीर्षक से एक विशेष ऑडियो-विजुअल का प्रदर्शन किया जायेगा जिसमें विगत दो वर्षों की राज्य की निवेश प्रोत्साहन यात्रा और उपलब्धियों का जीवंत चित्रण होगा. अभ्युदय मध्यप्रदेश का यह राज्य स्तरीय समारोह 1 नवम्बर को भोपाल के रवींद्र भवन में सुबह 11.30 बजे से होगा.

## छात्राओं को अश्लील वीडियो दिखाने वाला गिरफ्तार

**भिंड.** जिले में एक शिक्षक पर क्लास में छात्राओं को मोबाइल पर अश्लील वीडियो दिखाने का मामला सामने आया है. छात्राओं ने उस पर आपत्तिजनक हरकतें करने का भी आरोप लगाया. मामला देहात थाना क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल का है. तीन छात्राओं की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी टीचर रामेंद्र सिंह कुशवाह को गिरफ्तार कर लिया है. उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट, धमकी देने और एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया है.


WONDER HOME FINANCE Zindagi Ki Perfect Shuruaat

**वंडर होम फाइनेंस लिमिटेड** (CIN No. U65999RJ2017PLC059619)

कॉर्पोरेट ऑफिस : 620, छठवीं मंजिल, नॉर्थ ब्लॉक, वर्ल्ड ट्रेड पार्क, मालवीय नगर, जेएलएन रोड, जयपुर- 302017, टेलीफोन: 0141- 4750000

**परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8(1) ] कब्जा नोटिस**

जबकि, अद्योहस्ताक्षरकर्ता **वंडर होम फाइनेंस लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) LN20041HC22-23010755, श्री पीरू लाल पुत्र श्री मोहन लाल (ऋणी), श्रीमती रेखा बाई (सहऋणी), श्री सुनील कुमार (सहऋणी), श्री शिनारायण लुहार (गारंटर) | 18-08-2025 Rs. 4,57,904.02 चार लाख सत्तावन हजार नौ सौ चार रूपये एवं दो पैसे मात्र 08-08-2025 तक | श्री पीरू लाल पुत्र श्री मोहन लाल की संपत्ति के सभी अभिन्न अंग स्थित पीएच नं. 38, वार्ड नं. 02 कडोदिया रोड तिराहे से नयापुरा मैन रोड से अन्दर, मकान नं. 26 मकदून, तहसील मकदून, जिला उज्जैन, मप्र 456668, क्षेत्रफल 555 वर्गफीट, पूर्वः रोड, पश्चिमः गली, उत्तरः समील खान का मकान, दक्षिणः शिव नारायण मिस्त्री का मकान | 27-10-2025 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती हैं कि अद्योहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया और सर्व साधारण को सामान्यतया एतद द्वारा सम्पत्तियों के साथ काई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती हैं और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "वंडर होम फाइनेंस लिमिटेड" के प्रभार के अधीन होगा।

दिनांकः 31.10.2025 स्थानः उज्जैन, मप्र

प्राधिकृत अधिकारी वंडर होम फाइनेंस लिमिटेड



मुख्य कार्यालय, विरार
विरार (प)
ता. वसई, जि. पालघर-४०१ ३०३

दुरध्वनी क्र. : ०२५०-२५२५१०१/०२/०३/०४/०५/०६
फॅक्स : ०२५०-२५२५१०७
ई-मेल : vasaivirarcorporation@yahoo.com
जावक क्र. व.वि.श.म/घ.क.व्य/१६६१/२०२५
दिनांक- ३१/१०/२०२५

**VASAI VIRAR CITY MUNICIPAL CORPORATION**

**NOTICE INVITING BID**

Tenders is invited ONLINE from experienced Agencies for the following works on behalf of the COMMISSIONER, VASAI VIRAR CITY MUNICIPAL CORPORATION (VVCMC), VIRAR. The tender document consisting of detailed scope of work, eligibility criteria, bid formats and important dates shall be uploaded on the website https://mahatenders.gov.in.

| Sr.No. | Name of Work |
|---|---|
| 1. | Selection of Agency for Cleaning of Drains/Chambers/Septic tank through Mechanised System along with collection, transportation and treatment of Faecal Sludge/septage/silt for Vasai-Virar City Municipal Corporation (VVCMC) on Public Private Partnership basis |

Tender booklets will be available on e-tendering computer system at https://mahatenders.gov.in from date 01/11/2025. The tender is to be submitted online at https://mahatenders.gov.in For any technical difficulties in the e-tendering process, please contact the VVCMC's Solid Waste Management Department or Email at aarogvheadoffice@gmail.com

Sd/-
Dy. Municipal Commissioner,
SWM Department,
Vasai Virar City Municipal Corporation


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**